उत्तराखण्ड विधान सभा

उत्तराखण्ड विधान सभा
की कार्यसूची

शुक्रवार, 10 चैत्र, शक संवत्, 1940
(दिनांक : 23 मार्च, 2018)

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में शेरपुर-श्यामपुर ग्राम तक लिंक रोड निर्माण के सम्बन्ध में" श्री पंकज कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश, ग्राम व पो0 शेरपुर खेलमऊ, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कमेलपुर में चकबन्दी कराने के सम्बन्ध में" श्री अनुज कुमार पुत्र श्री पप्पु सिंह, ग्राम व पो0 कमेलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इब्राहिमपुर में मैन रोड सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रवि सैनी पुत्र श्री रघुवीर सिंह, ग्राम व पो0 इब्राहिमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम माधोपुर में नेशनल हाईवे पर रोड क्रॉस करने के लिए ऑवर ब्रिज/अण्डर ब्रिज निर्माण के सम्बन्ध में" श्री तालीब पुत्र श्री इखरार, ग्राम माधोपुर पो0 सालियर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम बुढ़पुर चौहान में भरतपुर-लाठरदेवा तक लिंक रोड निर्माण के सम्बन्ध में" श्री जोगेन्द्र पुत्र श्री सगवा, ग्राम बुढ़पुर चौहान, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नगला कुबड़ा में सी0सी0 रोड निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अमित पुत्र श्री मदन, ग्राम नगला कुबड़ा, पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नूरपुर बूढ़पुर में शमशान घाट की चारदीवारी के सम्बन्ध में'' श्री विश्वास पुत्र श्री करता राम, ग्राम नूरपुर पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हरजौली झोझा में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' मौ. सालीम पुत्र मौ0 इमरान, ग्राम हरजौली झोझा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हरजौली झोझा में हैन्ड पम्प निर्माण के सम्बन्ध में'' मौ. खालीद पुत्र मौ0 यासीन, ग्राम हरजौली झोझा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम दहियाकी में नेशनल होईवे पर रोड क्रॉस के लिए ऑवर ब्रिज/अण्डर ब्रिज निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सत्येन्द्र सिंह पुत्र श्री बलराम, ग्राम दहियाकी, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नजरपुरा में अम्बेदकर पार्क के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में'' श्री कंवर पाल पुत्र श्री पाल सिंह, ग्राम नजरपुरा, पो0 मंगलौर, तहसील रूड़की, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खाताखेड़ी में रविदास मंदिर की चारदीवारी के सम्बन्ध में'' श्री सुनील पुत्र श्री कली राम, ग्राम खाताखेड़ी, पो0 झबरेड़ा, तहसील रूड़की, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में'' श्री विपिन कुमार पुत्र श्री रमेश सिंह, ग्राम डेलना, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के बडौन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री जगत सिंह बोहरा पुत्र श्री हरक सिंह, ग्राम बडौन, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के भीमताल शहर में बाहर से आने वाले पर्यटकों के वाहन खड़े करने हेतु पार्किंग बनवाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री देवेन्द्र फर्त्याल पुत्र श्री अमर सिंह, नगर भीमताल, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के राजकीय इण्टर कालेज, पदमपुर मीड़ार के जीर्ण-क्षीर्ण भवनों का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जगन नाथ जोशी पुत्र श्री ईश्वरी दत्त, ग्राम-पदमपुर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अमृतपुर-जमरानी अमिया मोटर मार्ग के डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री सन्तोष शर्मा पुत्र श्री अर्जुन शर्मा, ग्राम-बानना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय, पदमपुरी, भीमताल, ओखलकाण्डा में एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड मशीनें, पैथोलॉजी लैब तथा अन्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री शिव सिंह पुत्र श्री लाल सिंह, ग्राम-मटेला (ओखलकाण्डा), जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के राजकीय इण्टर कालेज, पदमपुर मिड़ार, ओखलकाण्डा में पेयजल ब्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जीवन चन्द्र पुत्र श्री ईश्वरी दत्त, ग्राम-पदमपुर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के रिखाकोट (ओखलकाण्डा) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जीर्ण-क्षीर्ण भवन का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री हरीश नैथानी पुत्र श्री कृष्ण सिंह, ग्राम-रिखाकोट (ओखलकाण्डा), जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के नौकुचियाताल में पर्यटन के लिये मशहूर झील को मत्स्य विभाग द्वारा मछली मारने हेतु प्रारम्भ की जा रही टैंडर प्रक्रिया को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री अनिल चनौतिया पुत्र श्री इन्द्र सिंह, ग्राम-नौकुचियाताल, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ग्राम-बानना लमजाला से राजकीय इण्टर कालेज, बानना तक बने मोटर मार्ग पर ग्रामीणों की कटी नाप भुमि का मुवावजा ग्रामीणों को दिलाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री मोहन पलेड़िया पुत्र श्री नारायण दत्त, ग्राम-बानना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत प्रा0 पाठ्शाला, सुरंग में पेयजल व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री करन बोरा पुत्र श्री रमेश बोरा, ग्राम-सुरंग, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के खनस्यू तहसील भवन निर्माण व अन्य स्टॉफ उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री हरीश चन्द्र पुत्र श्री प्रेम बल्लभ, ग्राम खनस्यू, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल सहित प्रदेश के युवाओं को सिडकुल में नौकरी में 70 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने हेतु शासनादेश जारी किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री प्रकाश थुवाल पुत्र श्री हरीश थुवाल, ग्राम खनस्यू, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम झनकट में मुख्य मार्ग से कुन्दन सिंह पोखरिया एवं देव सिंह के घर की ओर 1.50 कि0मी0 कच्ची सड़क के डामरीकरण के सम्बन्ध में'' श्री राजनाथ सिंह पुत्र श्री गौरी सिंह, ग्राम-पहेनिया, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम ऊंचीमहवट में गांव होते मेलाघाट रोड की ओर 5 किमी0 कच्ची सड़क के डामरीकरण के सम्बन्ध में'' श्री ललित विष्ट पुत्र श्री प्रताप सिंह, ग्राम-ऊचीमहुवट, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड सितारगंज के अन्तर्गत साधूनगर-सिडकुल, सितारगंज मार्ग को जोड़ने हेतु कैलाश नदी में पुल निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री हरबंश सिंह पुत्र श्री भगीरथ सिंह, ग्राम- साधूनगर, सितारगंज, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड सितारगंज के अन्तर्गत ग्राम बिरिया भूड़ से लालफार्म होते हुए सिसईखेड़ा तक 8 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री दीप चन्द्र राणा पुत्र श्री गरवू सिंह, ग्राम-ऐंजनिया, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता में ग्राम बलखेड़ा, नवीननगर, आनन्द नगर से सुन्दर नगर, खमरिया की ओर 8 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री लाल सिंह पुत्र श्री स्व0 त्रिलोक सिंह, ग्राम-खमरिया, नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता जिला ऊधमसिंहनगर विकासखण्ड सितारगंज के अन्तर्गत ग्राम ऐंचता, बिही, गिधौर व ज्ञानपुर गौढ़ी की 10 कि०मी० मोटर निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री बांधू सिंह पुत्र श्री दान सिंह, ग्राम बिही गिद्यौर नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता जिला ऊधमसिंहनगर के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत मुढ़ेली चौराहे से नौगवाठग्गू-चंदोली-पुरनापुर-बानूसी होते हुए झनकट मैदा मिल तक 12 कि०मी०मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री बालकिशन राणा पुत्र श्री पजन सिंह, ग्राम-चंदेली, नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता जिला ऊधमसिंहनगर के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम बानूसी में गुरूद्वारा से पहेनिया की ओर 2.50 कि०मी०मोटर मार्ग के सम्बन्ध में'' श्री राजनाथ सिंह पुत्र श्री गौरी सिंह, ग्राम-पहेनिया, नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

37. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता में बहुउद्देशीय थारू जनजाति विकास भवन निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सुरजन सिंह पुत्र श्री मदन सिंह, ग्राम-लामखेड़ा, नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

38. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड सितारगंज के अन्तर्गत करघटा चौराहे से सैंजनी की ओर 03 कि०मी० मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री जगत सिंह, ग्राम-सैंजनी नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत कंजाबाग उमरूखुर्द और अमाऊ के मध्य पड़ने वाले खकरा नाले में पुल निर्माण के सम्बन्ध में" श्री कृपाल सिंह पुत्र श्री भजन लाल, ग्राम-उमरूखुर्द, नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत उमरूखुर्द बिगराबाग मुख्य मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय से सैनिक कालोनी होते हुए बलवन्त खड़ायत के घर तक 2.0 कि०मी० मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मनोज चुफाल पुत्र श्री नारायण सिंह, ग्राम-कंजाबाग उमरूखुर्द नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत कंजाबाग चौराहे से बिगराबाग की ओर पुल तक 2.0 कि०मी० मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मनोज चुफाल पुत्र श्री नारायण सिंह, ग्राम-कंजाबाग उमरूखुर्द नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम सैंजना से पटपुरा की ओर तथा जसारी की ओर 08 कि०मी० कच्ची सडक के डामरीकरण के सम्बन्ध में" देवकी देवी पुत्र श्री सतपाल सिंह, ग्राम-पटपुरा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के विकासखण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भूड़ महोलिया में 1.50 कि०मी० कच्ची सडक के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री भुवन जोशी पुत्र गोविन्द बल्लभ जोशी, ग्राम-भूड़ महोलिया, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली स्थित ग्राम पंचायत दरमोला एवं स्वीली में पेयजल संकट के सम्बन्ध में" श्री लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, ग्राम-स्वीली, पोस्ट माई की मढ़ी, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के काण्डाई में स्वीकृत पशुचिकित्सालय के लिए जमीन उपलब्ध न होने के कारण ग्राम पंचायत चौंथला के ग्राम बाड़ा में हस्तान्तरण करने के सम्बन्ध में" श्री विक्रम सिंह कण्डारी, ग्राम-खांकर, पोस्ट नरकोटा, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे/ऑल वेदर रोड़ निर्माण के कारण बेरोजगार हो रहे व्यवसायियों/दुकानदारों के सम्बन्ध में" श्री दीपक सिलाड़ी, ग्राम व पोस्ट नरकोटा, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-माधोपुर में पंचायत घर/धर्मशाला के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री करता राम ग्राम माधोपुर, पो0 सालियर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

48. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-माधोपुर में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री करता राम ग्राम माधोपुर, पो0 सालियर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-सफरपुर की आन्तरिक गलियों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री कामेश कुमार पुत्र श्री राजपाल सिंह ग्राम व पो0 सफरपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-माधोपुर में रा0प्रा0वि0 की चारदीवारी निर्माण के सम्बन्ध में" श्री प्रकाश पुत्र श्री चैतराम, ग्राम माधोपुर, पो0 सालियर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-शाहपुर साल्हापुर में शमशान घाट की चारदीवारी निर्माण के सम्बन्ध में" श्री नरेश पुत्र श्री जयपाल, ग्राम शाहपुर साल्हापुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-लोदीवाला में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में" श्री चन्द्रपाल पुत्र श्री मामचन्द्र, ग्राम लोदीवाल, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-नूरपुर बूढपुर में झबरेड़ा-मंगलोर मार्ग से जाट बस्ती तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में श्री विश्वास पुत्र श्री करता राम, ग्राम नूरपुर, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-ताहपुर में सलेमपुर से इकबालपुर तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री दिलशाद पुत्र श्री निसार ग्राम ताहरपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

55. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

56. नियम 315 के खण्ड (13)व(14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

57. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

58. आवास मंत्री, ''उत्तराखण्ड (उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम,1965) (संशोधन), विधेयक, 2018'' पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

59. आवास मंत्री, ''उत्तराखण्ड (उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम,1965) (संशोधन), विधेयक, 2018'' को पुरःस्थापित करेंगे।

60. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

61. श्री मुन्ना सिंह चौहान, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण :-

''यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2018 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है''

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **''ग''**)

62. वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

63. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरणः-

1. श्री देशराज कर्णवाल, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के राजकीय सेवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के बैक लॉग के पदों पर विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र नियुक्तियां की जाय''।

2. श्री धन सिंह नेगी ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड जाखणीधार का भूगोल टिहरी बांध की झील बनने से अव्यवहारिक हुआ है जिसे पुर्नगठन कर मदन नेगी अथवा रजाखेत के नाम से पृथक नया विकासखण्ड बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय''।

3. काजी मौ0 निजामुद्दीन, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरान्त हुए समस्त वित्तीय घोटालों की जांच हाईकोर्ट के सेवारत न्यायधीश से कराई जाय''।

4. श्री नवीन चन्द्र दुम्का ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र लालकुऑ के अन्तर्गत स्थित बिन्दुखत्ता तहसील लालकुऑ, जिला नैनीताल, एवं अन्य खत्तों व ऐसे अन्य गांवों जो वन भूमि पर बसे है, में निवास कर रहे नागरिकों को मूल अधिकार प्रदान करने के लिए ऐसे सम्बंधित समस्त क्षेत्रों को राजस्व गांव बनाया जाय''।

5. श्रीमती ममता राकेश, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र आरम्भ किया जाय"।

64. <u>नियम-105 के प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरणः-</u>

1. श्री देशराज कर्णवाल, "यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में स्थापित औद्योगिक ईकाइयों में प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार प्रदान करने में बाहरी प्रदेशों के बेरोजगार युवकों की अपेक्षा अधिक अवसर प्रदान करने पर विचार किया जाये।"

2. श्री प्रीतम सिंह पंवार, "यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में एक कार्य एक टेण्डर के स्थान पर छोटी-छोटी योजनाओं के टेण्डर पर कार्य कराये जाय।"

3. श्रीमती ममता राकेश, "यह सदन प्रस्ताव करता है, कि बी0डी0 इन्टर कालेज भगवानपुर, हरिद्वार में स्टेडियम निर्माण हेतु जनपद हरिद्वार में निदेशालय के अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त उक्त स्थल मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप स्टेडियम निर्माण कराने पर विचार किया जाय।"

65. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

66. उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने व रोजगार उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार का कौशल विकास कार्यक्रम चलाये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेश राठौर, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2018 को दी गयी सूचना पर कौशल विकास मंत्री का नियम -53 के अंतर्गत केवल वक्तब्य ।

जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विकास खण्ड धारी में लम्बित देवनगर पलड़ा पेयजल योजना के सम्बन्ध में है, श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2018 को दी गयी सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम -53 के अंतर्गत वक्तब्य

देहरादून :
दिनांक : 22 मार्च, 2018

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

उत्तराखण्ड विधान सभा

की कार्यसूची

शुक्रवार, 10 चैत्र, शक संवत्, 1940

(दिनांक : 23 मार्च 2018)

नत्थी 'क'

अल्पसूचित प्रश्न

काजी मौ0 निजामुद्दीन 05.03.2018	'' तृतीय सत्र 2017 के प्रथम गुरूवार के तारांकित प्रश्न संख्या–15 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सचिवालय मैनुअल के प्राविधानों के अन्तर्गत विधान सभा में दिये जाने वाले उत्तरों का उत्तरालेख किस–किस स्तर से संचालित होना अपेक्षित है? सदन में दिग भ्रमित करने वाले उत्तर दिये जाने के गम्भीर प्रकरण के सन्दर्भ में उच्च अधिकारियों को उत्तरदायी न माने जाने का क्या औचित्य है? क्या मंत्री प्रकरण की गम्भीरता के आलोक में औचित्य पूर्ण तरीके से उत्तरदायित्व निर्धारित करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	सहकारिता
श्री प्रीतम सिंह पंवार 08.03.2018	'' क्या पिछड़ा क्षेत्र विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए सीमांत क्षेत्र विकास योजना की तरह कोई योजना चलाये जाने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो वह योजना क्या है और कब से प्रारम्भ की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पिछड़ा क्षेत्र

नत्थी 'ख'

तारांकित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश 05.02.2018	'1. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं होने से क्षेत्रवासियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार औद्योगिक क्षेत्र भगवानपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री चन्दनराम दास 05.02.2018	'2. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कौसानी में चाय की फैक्ट्री कब से बन्द पड़ी है, और फैक्ट्री बन्द होने का क्या कारण है? क्या सरकार कौसानी चाय फैक्ट्री को पुनः चलाने के लिए प्रयास करेगी?यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री खजानदास 06.02.2018	'3. **द्वितीय बुधवार के तारा0 11 में स्थानान्तरित।** ''क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में ए0डी0बी0 के द्वारा विभिन्न शहरों में निर्मित सीवर लाइनें एवं पेयजल योजनायें सुचारू रूप से कार्य कर रही है अथवा नहीं? यदि कर रही है तो कौन–कौन से शहर में यदि नहीं कर रही है तो कौन–कौन से शहर में अधूरी एवं अपूर्ण हैं? सरकार अपूर्ण एवं अधूरी योजनाओं, समय अवधि में पूर्ण न होने, गुणवत्ता विहीन योजनाओं की कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कोई कार्यवाही कर रही है अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''	पेयजल
श्री खजानदास 06.02.2018	'4. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि प्रदेश में जल निगम एवं अन्य विभागों द्वारा सीवर निर्माण का कार्य किया जाता है तथा निर्माण के उपरान्त उक्त योजनाऐं जल संस्थान को हस्तान्तरित की जाती है और उनकी देखरेख जल संस्थान द्वारा की जाती है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि उक्त हस्तान्तरित योजनाओं के रखरखाव/पुर्ननिर्माण हेतु जल संस्थान को बजट आवंटित किया जाता है अथवा नहीं? क्या सरकार जल संस्थान को हस्तान्तरित की गई सीवर लाइनों के रखरखाव/मरम्मत हेतु जल संस्थान को बजट आवंटित कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री करन माहरा 07.02.2018 श्री देशराज कर्णवाल 12.02.2018	'5. कृषि मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या उद्यान एवं कृषि विभाग का एकीकरण किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक?	कृषि
श्री करन माहरा 08.02.2018	'6. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि दोषी पाये गये बार या शराब की दुकानों के लिए एक ही प्रकार की सजा हेतु समान दण्ड की व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्यों?	आबकारी
श्री प्रीतम सिंह पंवार	'7. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**	

09.02.2018

''क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे राज्य को पूर्ण नशाबंदी कर उत्तराखण्ड राज्य के पास प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अधिक राजस्व प्राप्त किया जा सकता है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि पर्यटन, तीर्थाटन, फल एवं औषधियुक्त पौधों की खेती, छोटे–छोटे कुटीर उद्योगों की स्थापना, नदियों के बहाव पर छोटी–छोटी जल विद्युत इकाईयां स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होने से पहाड़ों से पलायन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार राज्य को पूर्ण नशाबंद करने की योजना पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''

आबकारी

श्री प्रीतम सिंह पंवार
09.02.2018

'8. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में वर्षा के अभाव में गेहूँ और सरसों की फसलों पर भारी कुप्रभाव पड़ा है खासकर सिंचाई अभाव ग्रस्त पर्वतीय क्षेत्रों में फसल बरबाद हो गयी है? क्या सरकार काश्तकारों को उनकी फसल का प्रतिकर दिलायेगी? यदि हां, तो फसल प्रतिकर के मानक क्या होगें और प्रतिकर का भुगतान कब तक कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

श्री सुरेश राठौर
09.02.2018

'9. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों की तुलना में पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि का प्रदर्शन कैसा है? क्या मैदानी क्षेत्रों की तुलना में पहाड़ों में खेती के लिए सिंचाई की सुविधा, मार्केटिंग व फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित है? यदि हां, तो क्या सरकार विवरण सदन के पटल में रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

श्री देशराज कर्णवाल
14.02.2018

'10. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त

''क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में पूर्ण नशाबंदी कर उत्तराखण्ड राज्य के पास प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अधिक राजस्व प्राप्त किया जा सकता है? क्या मंत्री अवगत है कि प्रदेश के देवभूमि उत्तराखण्ड, कुम्भनगरी हरिद्वार, शिक्षा नगरी रूड़की तथा पिरान कलियर शरीफ में भी देश–विदेश से लोग आते है जहां किसी भी सूरत में नशा मुक्त किया जाना आवश्यक है? यदि हां, तो क्या सरकार राज्य को पूर्ण नशाबन्द करने की योजना पर योजना पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''

आबकारी

श्री देशराज कर्णवाल
14.02.2018

'11. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त

''क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में प्राकृतिक वर्षा जल को संग्रह करने हेतु कितने संग्रहण केन्द्र बनाये गये है तथा संग्रहित जल कुल आवश्यकता की कितने प्रतिशत पूर्ति करता है एवं जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि हेतु सरकार की कोई भावी योजना है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?''

पेयजल

श्री सुरेश राठौर 14.02.2018	′12. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश सरकार पर्वतीय कृषि नीति बनाये जाने के किसी सुझाव पर विचार कर रही है? यदि हां, तो उससे संबंधित प्रगति विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं? तो क्यों?	कृषि
श्री देशराज कर्णवाल 15.02.2018	′13. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जंगली जानवरों से भूमि व फसल सुरक्षा हेतु कार्यक्रम (घेरबाड योजना) प्रारम्भ की गई है? क्या यह सत्य है कि खासकर मैदानी एवं पर्वतीय जनपदों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुचाया जाता है? क्या सरकार ऐसे ग्रामों के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजना चलायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री प्रीतम सिंह पंवार 16.02.2018	′14. क्या पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड राज्य खुले में शौच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) घोषित हो चुका है? क्या मंत्री बतायेगें कि आज भी सैकड़ों गांव ऐसे है जहां पर केवल पचास, चालीस या तीस प्रतिशत परिवारों के ही शौचालयों का निर्माण हो चुका है? क्या सरकार राज्य में अवस्थित ऐसे गांवों के परिवारों को जिनके पास शौचालय नहीं है उन्हें आर्थिक मदद देकर शौचालयों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री गणेश जोशी 19.02.2018	′15 क्या कृषि मंत्री अवगत है कि पारम्परिक पर्वतीय कृषि उत्पादों एवं नकदी फसलों को प्रोत्साहन देते हुए कोल्ड स्टोरेज एवं छोटी मंडियों का निर्माण कराया जाये तो सरकार के पर्वतीय क्षेत्र में से हो रहे पलायन में कमी आयेगी और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि सरकार द्वारा मसूरी विधान सभा क्षेत्र के पर्वतीय गांव सुवाखोली/बुरासखण्डा में कृषि उत्पादकों को बढ़ावे एवं रोजगार सृजन हेतु छोटी मण्डी खोलने तथा कोल्डस्टोरेज की व्यवस्था की जायेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री मुकेश सिंह कोली 20.02.2018	′16 क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ज्वाल्पा देवी पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति की मांग क्षेत्रीय जनता काफी लंबे समय से करती आ रही है और उक्त योजना शासन स्तर पर स्वीकृति हेतु विचाराधीन है तथा इस पम्पिंग पेयजल योजना के स्वीकृत न होने से सैकड़ों गांव पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे है? पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि उक्त पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण के लिए शासन में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक योजना स्वीकृत होगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री मुकेश सिंह कोली	′17 क्या पेयजल मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत कादैखाल–सबधरखाल पम्पिंग	

20.02.2018	पेयजल योजना की स्वीकृति की मांग क्षेत्रीय जनता काफी लंबे समय से करती आ रही है और उक्त योजना शासन स्तर पर स्वीकृति हेतु विचाराधीन है तथा इस पम्पिंग पेयजल योजना के स्वीकृत न होने से लगभग 63 गांव पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे है? क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि उक्त पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण के लिए कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक योजना स्वीकृत होगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री धन सिंह नेगी 21.02.2018	'18 **चतुर्थ सोमवार के तारांकित 13 में स्थानान्तरित** ''क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार पेयजल संकट से प्रभावित जिलों का सर्वेक्षण कराती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि इस समय प्रदेश स्तर पर पेयजल से संकटग्रस्त जिलों का सरकार द्वारा किये गये आंकलन का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सर्वाधिक संकटग्रस्त जिलों को सरकार अपने बजट में वरीयता देती है? यदि नहीं, तो क्यों?''	पेयजल

अतारांकित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश 05.02.2018	1. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि विधान सभा के तृतीय सत्र 2017 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या– 71 के उत्तरालेख में उल्लेख किया गया है कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र को 04 पेयजल योजनाऐं जो कि उपभोक्ता पेयजल एवं स्वच्छता उप समिति के अनुरक्षण में है विद्युत बिल एवं पाईप लाईन की मरम्मत न होने के कारण बन्द है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार उक्त योजनाओं का कार्य पूर्ण करा कर संचालन प्रारम्भ करा दिया गया है? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त त्रुटियों के लिए कौन अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदार है तथा उनके प्रति क्या कार्यवाही की गई है?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 05.02.2018	2. **प्रथम गुरूवार के अतारांकित–60 में स्थानान्तरित** ''क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दुर्गम स्थानों पर महाविद्यालयों में कार्य कर रहे शिक्षकों को विशेष दुर्गम क्षेत्र भत्ता दिया जा रहा है? यदि हां, तो विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्या सरकार दुर्गम क्षेत्र के शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत दुर्गम क्षेत्र भत्ता देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?''	वित्त
श्री धन सिंह नेगी 05.02.2018	3. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य में पम्पिंग पेयजल योजनाओं पर कार्यरत दैनिक वेतन/संविदा कर्मी वर्षों से तैनात है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में पम्पिंग योजनाओं पर कार्यरत 28 दैनिक वेतन पर सेवारत् जूनियर फीटर, सीवर सफाई कर्मचारियों को अन्य कर्मियों की भॉति नियमित किये जाने का सरकार का प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल

श्री खजानदास 05.02.2018	4. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के रेसकोर्स क्षेत्र में जनमानस द्वारा लम्बे समय पानी की किल्लत को दूर करने हेतु रेसकोर्स में ट्यूबवैल लगाये जाने की मॉग की जा रही है? किन्तु अब तक भी रेसकोर्स क्षेत्र में ट्यूबवैल नहीं लगाया गया है जिस कारण क्षेत्रवासी पेयजल संकट से जूझ रहे है? क्या पेयजल मंत्री व्यापक जनहित को देखते हुए रेसकोर्स में ट्यूबवैल लगाये जाने को स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 06.02.2018	5. क्या उद्यान मत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा जनपदवार कितने किसानों को पॉली हाउस प्रदान किए गए है? इनका जनपदवार विवरण क्या है? पुराने हो चुके पॉली हाउस की जीर्ण–शीर्ण स्थिति या फट जाने पर सरकार द्वारा क्या कोई सहायता प्रदान की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री करन माहरा 06.02.2018	6. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में पिछले एक वर्ष में कितनी देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों तथा बारों में छापेमारी की गई तथा छापों के दौरान कितनी देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों में अनियमिताएं पाई गई एवं क्या–क्या अनियमितताएं पाई गई तथा अनियमितताएं पाये जाने के उपरान्त कितनी देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों व बारों में कार्यवाही करते हुए उनके लाईसेंस निरस्त किए गये? यदि हां, तो कि–किन पर? यदि नहीं, तो क्यों?	आबकारी
श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी 06.02.2018	7. कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के अन्तर्गत पर्वतीय कृषि महाविद्यालय गैरसैंण में कितने पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पदो के सापेक्ष कितने प्रोफेसर/कर्मचारी कार्यरत है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि महाविद्यालय गैरसैंण हेतु भूमि उपलब्ध हो गई है? यदि हां, तो सरकार की इस प्रयोजन हेतु भावी योजना क्या है?	कृषि
श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण 06.02.2018	8. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या राज्य में होल्टीकल्चर विकास के लिये सरकार ''एक ग्राम एक फार्म'' के संकल्प को विकसित करेगी? यदि हां, तो क्या इसके तहत यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभाओं का तद्सम्बन्धी चयन किया गया है? यदि हां, तो चयनित ग्रामों में औद्योनिकी सम्बन्धी किस प्रकार की योजनायें प्रारम्भ की जायेगी?	उद्यान
श्री सुरेश राठौर 06.02.2018	9. क्या वित्त, स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के तहसील भगवानपुर में सब रजिस्ट्रार तैनात है? यदि हां, तो कब से? क्या उनका कार्यालय सुचारू रूप से काम कर रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?	वित्त
श्री खजानदास 06.02.2018	10. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 06 में स्थानान्तरित** ''क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में ए0डी0बी0 के द्वारा पिछले 10 वर्षों से विभिन्न कार्यों सीवर लाइन, पेयजल लाइन एवं	

	सौन्दर्यीकरण पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है तथा कुल कितने कार्य किये गये है? ए0डी0बी0 द्वारा प्रदेश से कौन–कौन से शहरों, नगरपालिकाओं, नगरपंचायतों में कार्य किया गया है? क्या मंत्री जी अवगत करायेगें कि ए0डी0बी0 द्वारा निर्मित कुल कितने योजनाओं का लोकार्पण जनहित में किया जा चुका है और वे जन आकांक्षाओं पर खरी उतर रही है तथा कितनी अवशेष पूर्ण होने को है? क्या सरकार प्रदेश में अधूरी, अपूर्ण, गुणवत्ता विहिन योजनाओं की दोषी कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कोई ठोस कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 07.02.2018	11. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में किसानों को उन्नत कृषि हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है? यदि हां, तो क्या उन्हें प्रशिक्षण के लिए विधान सभा क्षेत्र से बाहर ले जाया गया? यदि हां तो, वर्ष 2014 से अब तक इसका वर्षवार विवरण क्या है?	कृषि
श्री पूरन सिंह फर्त्याल 07.02.2018	12. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड के जिन स्थानों पर पेयजल की सुविधा नहीं है, वहां पर सरकार मिनी ट्यूबवैल स्थापित कर पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायेगी ? विधान सभा लोहाघाट के कई गांव ऐसे है, जहां अभी तक पेयजल की सुविधा नहीं है और वहां पर सड़क सुविधा उपलब्ध है? यदि हां, तो उक्त गांवों में यह सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री करन माहरा 07.02.2018	13. क्या आबकारी मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि पिछले 8 माह में जनपद नैनीताल, उधमसिंहनगर और अल्मोड़ा में कितने बारों पर विभाग द्वारा जांच की गई? उनमें से कितने दोषी पाये गये? और उनके विरूद्ध क्या–क्या कार्यवाही की गयी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	आबकारी
श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 07.02.2018	14. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत पेयजल की गम्भीर समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु कोई कोई पेयजल नलकूप स्थापित किये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री सुरेश राठौर 07.02.2018	15. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार में कृषि एवं कृषि अनुसंधान के अति महत्वपूर्ण विषय को देखते हुए जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो तथा उन्नत फसलें प्राप्त हो, एक उन्नत कृषि अनुसंधान केन्द्र स्थापित किये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री देशराज कर्णवाल 08.02.2018	16. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों को शत–प्रतिशत अनुदान पर नये फलदार बागान स्थापना हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत राज्य के जनपदवार कितने किसानों को इसका लाभ मिला है? योजना लागू होने से अब तक सरकार द्वारा जनपदवार कितनी धनराशि अवमुक्त हुई है?	उद्यान

	हरिद्वार में कितने किसानों को इस योजना से जोड़ा गया है? यदि नहीं, तो क्यों?	
श्री प्रीतम सिंह पंवार 08.02.2018	17. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उद्यान विभाग के कुल कितने उद्यान फार्म है वह कौन–कौन से है? वर्तमान में इन फार्मों में क्या–क्या औधानिक गतिविधियां संचालित है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें से कुछ फार्मों में होर्टी–टूरिज्म संचालित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 08.02.2018	18. क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इजराइल के वैज्ञानिक बुलाए गये थे और उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले के कृषि अधिकारी के साथ संयुक्त निरीक्षण कर भूमि चयनित की गयी थी और इजराइल की कृषि तकनीक के आधार पर कृषि करने की योजना बनाई गयी थी? यदि हां, तो मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आतिथि तक इस योजना पर क्या प्रगति हुई और कृषि अधिकारी अल्मोड़ा द्वारा सल्ट में क्या–क्या इजरायली कार्य तकनीक पर किए गये? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री सुरेश राठौर 08.02.2018	19. क्या पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा ज्वालापुर के सभी ग्रामों में शौचालय रहित परिवारों को शौचालय बनाकर दे दिया गया है? यदि हां, तो क्या विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री फुरकान अहमद 08.02.2018	20. विधान सभा के तृतीय सत्र, 2017 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 62 के सन्दर्भ में बताने का कष्ट करेगें कि वर्णित उत्तर में संबंधित कार्य न होने के क्या कारण है? क्या सरकार यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 09.02.2018	21. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 700 करोड़ की स्वजल–2 योजना के अन्तर्गत किन–किन जनपदों को इसका लाभ हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? लाभ का जनपदवार विवरण क्या है?	पेयजल
श्री प्रीतम सिंह पंवार 09.02.2018	22. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर एवं थौलधार में कुल कितने ऐसे गांव एवं बस्तियां है जहां पर पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं है? ऐसे आभावग्रस्त गांवों एवं तोकों में सरकार पेयजल सुविधा सुलभ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री प्रीतम सिंह पंवार 09.02.2018	23. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 02 में स्थानान्तरित** ''क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि कृषि को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड, मुख्यालयों में स्थित राजकीय इण्टरमीडिएट कालेजों में कृषि पाठ्यक्रम प्रारम्भ कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''	कृषि

श्री प्रीतम सिंह पंवार 09.02.2018	24. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि कृषि उत्पादों के विवरण एवं कृषकों की सुविधा तथा उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए विकास खण्ड, मुख्यालयों में कृषि मंडियों की स्थापना की जायेगी?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री प्रीतम सिंह पंवार 09.02.2018	25. क्या उद्यान एवं फलोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा एवं बर्फवारी के अभाव में सेब के उत्पादन/पैदावार पर भारी कुप्रभाव पड़ रहा है? क्या सरकार सेब उद्यान कृषकों को उनकी नगदी फसल का प्रतिकर उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो प्रतिकर के मानक क्या होगें? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी 09.02.2018	26. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि कर्णप्रयाग विधान सभा की दो पेयजल योजनाए वणगांव व तेफना किस वर्ष स्वीकृत हुई तथा उनकी निर्माण लागत क्या थी? क्या यह दोनों योजनायें पूर्ण हो गई है? यदि नहीं, तो क्या यह योजनायें स्वीकृत लागत में पूर्ण हो जायेगी यदि नहीं तो 4 वर्षों से जनता जो पानी के बिना कष्ट में है को हुई क्षति के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही होगी व योजना कब तक पूर्ण हो जायेगी?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 12.02.2018	27. **तारांकित प्रश्न सं0 05 में मा0 सदस्य का नाम जोड़ दिया गया है।** ''क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि किसानों के हित में उद्यान एवं कृषि विभाग का एकीकरण किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''	कृषि
श्री विशन सिह चुफाल 12.02.2018	28. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि जनपद पिथौरागढ़ के भनड़ा आई0टी0बी0पी0 मिर्थी तक पेयजल लाईन के रख रखाव हेतु आई0टी0बी0पी0 मिर्थी द्वारा जल निगम डीडीहाट को क्या प्रतिवर्ष धन दिया जाता है? यदि हां, तो 2012 से 2017 तक कितना धन दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि रखरखाव हेतु क्या निविदा आमंत्रित की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री गणेश जोशी 12.02.2018	29. **चतुर्थ सोमवार के अतारांकित 07 में स्थानान्तरित** ''क्या कृषि मंत्री अवगत है कि पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए चकबन्दी एक सफल प्रयोग साबित हो सकता है? यदि हां, तो सरकार सम्पूर्ण प्रदेश में चकबन्दी को अपनाने के लिए दिशा निर्देश जारी करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?''	कृषि
श्री गणेश जोशी 12.02.2018	30. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जलसंस्थान में कार्य कर रहे ऐसे समूह 'घ' कार्मिक जिन्होंने पॉच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण की हो तथा हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, को विभाग पदोन्नति देते हुए कनिष्ठ सहायक के पद पर समायोजित किये जाने के वर्ष 2014 को विभागीय आदेश के बावजूद भी 5	पेयजल

	कार्मिकों को अभी तक तक नियमित नहीं किया गया है? यदि हां, तो सरकार जलसंस्थान में कार्य कर रहे ऐसे कार्मिक को नियमित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	
श्री सुरेश राठौर 12.02.2018	31. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश में सबसे अधिक गन्ना पैदा करने वाले हरिद्वार जनपद में गन्ने की उन्नत फसल पैदा करने किसानों की आय में बढ़ोतरी हेतु प्रदेश सरकार एक हाईटेक गन्ना अनुसंधान एवं शोध केन्द्र हरिद्वार जनपद में बनाये जाने के लिए किसी योजना/प्रस्ताव पर विचार कर रही है? यदि हां तो उसकी प्रगति से अवगत करायेगें? यदि नहीं तो क्या भविष्य में जल्द ही इस पर अमल किया जाएगा?	गन्ना
श्री राम सिंह कैड़ा 12.02.2018	32. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि भीमताल विधान सभा के अन्तर्गत काश्तकारों को अपनी फसल का बीमा आज तक नहीं मिला और ना ही सूखा राहत का पैसा मिला? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि काश्तकारों को फसल का बीमा व राहत मिलेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी 14.02.2018	33. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि चम्पावत जिले व चम्पावत विधान सभा में क्वैराला घाटी पम्पिंग योजना की स्वीकृति कब की गयी थी तथा उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी?वर्तमान समय तक कितनी धनराशि उक्त के सापेक्ष व्यय की जा चुकी है और कितना कार्य शेष होना है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री चन्दन राम दास 14.02.2018	34. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम मण्डलसेरा में पूर्ववर्ती सरकार में मुख्यमंत्री जी द्वारा नलकूप लगाने की घोषणा की थी? यदि हां, तो सरकार इसे कब तक स्वीकृत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री हरभजन सिंह चीमा 14.02.2018	35. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि काशीपुर शुगर मिल के गन्ना किसानों को देय गन्ना मूल्य एवं मिल कर्मचारियों की देय वेतन आदि की कितनी राशि देय है? क्या सरकार इस बात से अवगत है कि काशीपुर के गन्ना किसान एवं मिल बन्द होने से बेराजगार हो चुके कर्मचारी भुखमरी के कगार पर है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त देयकों का भुगतान पीड़ित किसानों एवं कर्मचारियों को करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	गन्ना
श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी 15.02.2018	36. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि चम्पावत जिले के चम्पावत में स्थित चाय बागान का विकास कब किया जायेगा? उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है? वर्तमान समय तक कितनी धनराशि उक्त के सापेक्ष व्यय की जा चुकी है और कितना कार्य शेष है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका विकास कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो	उद्यान

क्यों?

श्री चन्दनराम दास 15.02.2018	37. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि हरद्वारछीना कौसानी पम्पिंग पेयजल योजना स्वीकृत है? यदि हां, तो इस योजना में कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है, तथा अवमुक्त धनराशि से क्या–क्या कार्य किये गये है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें, कि उक्त योजना में अन्य कार्य के लिए धनराशि कब तक अवमुक्त की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 16.02.2018	38. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु सरकार कोई योजना बना रही है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री प्रीतम सिंह पंवार 16.02.2018	39. **चतुर्थ सोमवार के अतारांकित 08 में स्थानान्तरित** "क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में ए0टी0एम0 ठगी के मामलों तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है? आये दिन किसी न किसी क्षेत्र से ए0टी0एम0 ठगी के प्रकरण सामने आ रहे है? क्या सरकार ने ऐसे मामलों से निपटने के लिए कोई कारगर योजना बनायी है? सरकार द्वारा इसे रोकने के क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों?"	वित्त
श्री प्रीतम सिंह पंवार 16.02.2018	40. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के मुख्यालय थत्यूड़ में स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक की शाखा खोले जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? क्या सरकार व्यापक जनहित में ब्लाक मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) जनपद टिहरी गढ़वाल में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा खुलवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	वित्त
श्री प्रीतम सिंह पंवार 16.02.2018	41. क्या कृषि एवं बागवानी मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि कृषि एवं बागवानी के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रदेश की किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गयी है? क्या मंत्री जी बताऐगें कि संकल्प से समृद्धि तक कार्यक्रम के तहत 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लिए क्या–क्या कार्यक्रम चलाये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री गणेश जोशी 16.02.2018	42. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत विलासपुर काड़ली एवं हरियावाला खुर्द में पेयजल की भारी किल्लत है? यदि हां, तो क्या सरकार पेयजल की गम्भीरता को देखते हुए उक्त दोनों ग्रामपंचायतों में नलकूप निर्माण एवं ओवरहेड टैंक का निर्माण करने पर विचार करेगी? यदि हां, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.02.2018	43. क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर मानिला में जड़ी बूँटी एवं फल उद्यान को बढ़ावा दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस योजना को कियान्वित किये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर मानिला क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री देशराज कर्णवाल 20.02.2018	44. क्या गन्ना विकस एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सहकारी क्षेत्र चीनी मिलों की हालत सुधारने एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	गन्ना
श्री सुरेश राठौर 20.02.2018	45. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा ज्वालापुर में कृषकों को पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं किसानों को ऋण (2 प्रतिशत ब्याज) पर दिया गया है? यदि हां, तो विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री मुकेश सिंह कोली 20.02.2018	46. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत चमरोड़ा के रौले से सैनार एकल पम्पिंग पेयजल योजना को नौगांव देवल के बीच 700 मी0 रोड़ निर्माण कार्य के दौरान पी0एम0जे0एस0वाई0 श्रीनगर द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया तथा इस पम्पिंग पेयजल योजना के क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों गांव पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे है? क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि उक्त पम्पिंग पेयजल योजना की मरम्मत के लिए कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक योजना की मरम्मत होगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 21.02.2018	47. क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि हरिद्वार जनपद में बड़ी मात्रा में आम का उत्पादन होता है परन्तु बिचौलियों की सकियता के कारण आम उत्पादकों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता है? क्या सरकार उत्तर प्रदेश की भॉति फल उत्पादकों के हित में आम के निर्यात की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री हरभजन सिंह चीमा 21.02.2018	48. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि बाजपुर को–आपरेटिव शुगर फैक्ट्री की दयनीय हालत में सुधार लाने के लिए सरकार प्लांट एण्ड मशीनरी का नवीनीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो योजना क्या है? यदि नहीं , तो क्यों?	गन्ना विकास
श्री देशराज कर्णवाल 22.02.2018	49. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में उद्यान विभाग के कुल कितने उद्यान फार्म है एवं वह कौन–कौन से है? वर्तमान में इन फार्मों में क्या–क्या औद्यानिक गतिविधिया संचालित है? जनपद हरिद्वार में इनकी	उद्यान

संख्या कितनी है? क्या सरकार जनपद हरिद्वार रूड़की में और उद्यान फार्म खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री देशराज कर्णवाल 22.02.2018	50.	क्या वाणिज्यकर मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में जी0एस0टी0 लागू होने के बाद की प्रथम छमाही में गत छमाही के मुकाबले सरकार की आय कम हुई है अथवा वृद्धि हुई है? सरकार व्यापारियों की जी0एस0टी0 संबंधी समस्याओं को दूर करने हेतु कोई योजना बना रही है? अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	वाणिज्यकर
श्री धन सिंह नेगी 22.02.2018	51.	क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु विभाग योजनाबद्ध ढंग से कार्य करता है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु कौन–कौन से उपाय किये जाते है तथा उस पर विभाग वर्ष 2017–18 में कितनी धनराशि खर्च कर चुका है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री आदेश चौहान 22.02.2018	52.	क्या गन्ना मंत्री अवगत है कि सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 ज्वालापुर हरिद्वार का गन्ना विकास कमीशन गत कई वर्षों का चीनी मिलों पर बकाया चल रहा है तथा मिलें कमीशन का भुगतान नहीं कर रही है? यदि हां, तो क्या सरकार बकायादार चीनी मिलों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	गन्ना
श्री आदेश चौहान 22.02.2018	53.	क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि 26–बी0एच0ई0एल0 रानीपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आवासीय कॉलोनी टिहरी विस्थापित निकट भूल व टिहरी विस्थापित कॉलोनी रोशनाबाद अब नगरपालिका शिवालिक नगर में शामिल हो गयी है किन्तु इनकी पेयजल योजनाओं का संचालन अभी भी स्थानीय नागरिकों समिति कर रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजनाओं को जल संस्थान को स्थानान्तरित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री आदेश चौहान 22.02.2018	54.	क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि नगरपालिका शिवालिक नगर (हरिद्वार) के अन्तर्गत सुभाषनगर की पेयजल योजना का संचालन एक समिति द्वारा किया जा रहा है जिस कारण क्षेत्रीय नागरिकों को आये दिन भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना जल संस्थान को हस्तान्तरित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल

श्री दलीप सिंह रावत 22.02.2018	55. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में संचालित जल संस्थान/पेयजल निगम द्वारा संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं के रख–रखाव हेतु कर्मचारी नियुक्त है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेगें कि इनका मानदेय कितना है? क्या विभाग द्वारा इनका मानदेय को बढ़ाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री धन सिंह नेगी 23.02.2018	56. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य को राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन/प्रोग्राम (छ्ल्ट्) के तहत ग्रामीण पेयजल योजनाओं में निर्माण/पुर्ननिर्माण के लिए धनराशि दी जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि उक्त योजना के तहत राज्य को कितनी धनराशि वित्तीय वर्ष 2017–2018 व 2018–19 में दिये जाने का निर्णय हुआ है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त योजना में विभाग से जनपदवार प्रस्ताव मंगाये गये है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत अभी तक प्राप्त योजनओं का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री देशराज कर्णवाल 23.02.2018	57 क्या कृषि शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के पश्चात् प्रदेश के कृषि शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार क्या संशोधन किये गये है? क्या सरकार भविष्य में उत्तराखण्ड की परिस्थितियों के अनुसार कृषि पाठ्यक्रम निर्धारित करने की योजना बना रही है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि शिक्षा
श्री राजकुमार 23.02.2018	58 क्या कृषि मंत्री अवगत है कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र पर्वतीय जनपदों में नकदी फसलों को उगाने में अग्रणी है तथा इस क्षेत्र में 20 करोड़ से अधिक की नकदी फसल उगायी जाती है? क्या कृषि मंत्री यह भी अवगत है कि वर्ष 2008 में तत्कालीन कृषि मंत्री द्वारा इस नौगांव में मण्डी समिति की घोषणा की गयी जो आज तक धरातल स्तर पर नहीं उतर पायी है? यदि हां, तो क्या सरकार कास्तकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए नकदी फसलों को बढ़ावा देने हेतु नौगांव में मण्डी समिति का गठन कर इस पर त्वरित कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री राजकुमार 26.02.2018	59 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी योजनाऐं संचालित हो रही है? कितनी योजनाओं के प्रस्ताव शासन में लम्बित है एवं उनकी स्थिति क्या है? क्या पेयजल मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेगें कि वष 2016 से 2018 तक के पुरोला विधान सभा क्षेत्र के सभी प्रस्ताव क्या शासन में लंबित है एवं उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?	पेयजल

श्री धन सिंह नेगी 26.02.2018	60	क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य में हैण्ड पम्पों के रख रखाव पर सरकार धनराशि खर्च करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में हैण्ड पम्पों के रख रखाव पर जनपदवार कितनी धनराशि खर्च की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री दलीप सिंह रावत 26.02.2018	61	क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत नैनीडाण्डा पेयजल पम्पिंग योजना के पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में नैनीडाण्डा पेयजल पम्पिंग योजना को शीघ्र पूर्ण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री राजकुमार 27.02.2018	62	क्या कृषि मंत्री अवगत है कि यमुना घाटी कृषि बाहुल्य एवं उद्यान बाहुल्य क्षेत्र है? क्या इस क्षेत्र के किसानों को आगे बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में कृषि अनुसंधान केन्द्र खोलने का कोई विचार है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.02.2018	63	क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा 5 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में वर्षों से लम्बित हॅसीडुंगा–गुजरकोट पेयजल योजना का निर्माण कर 190 गॉवों के लिए पेयजल प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इसमें क्या–क्या प्रगति हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें की सरकार पेयजल योजना का शीघ्र निर्माण कर पेयजल उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.02.2018	64	क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में मुख्यमंत्री द्वारा 5 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर लखोरी मिर्च के उत्पादन को प्रोत्साहन देने व मसाला उद्योग का विकास कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक उनके विभाग द्वारा इस हेतु क्या–क्या कार्य किये है? क्या मंत्री जी शीघ्र प्रोत्साहन देने हेतु उचित कार्यवाही करेगें? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान
श्री धन सिंह नेगी 28.02.2018	65.	क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नदी क्षेत्र के पास रिवर बेल्ट फिल्ट्रेशन तकनीक का प्रयोग किया जाता है? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा अभी तक उक्त तकनीक से कहां–कहां पर पेयजल आपूर्ति करायी गयी है? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत हेवल नदी क्षेत्र नागणी एवं चन्द्रयागा नदी क्षेत्र सेमा पुनाणू मरोडा में उक्त तकनीक से पेयजल आपूर्ति की योजना प्रस्तावित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	पेयजल